PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	26/02/2022
PAGE :	02

महिला उद्यमियों ने अपनी कुशलता से बनाई अलग पहचान : शुक्ला

गांधीनगर. पिछले कुछ वर्षों में महिला उद्यमियों ने अपनी सूझबूझ से अलग पहचान बनाई है। वे अपनी कुशलता से आगे बढ़ रही हैं। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने गांधीनगर स्थित ईडीआईआई के परिसर में 'जमीनी स्तर से वैश्विक स्तर तक महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना' थीम पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने से न सिर्फ गरीबी उन्मूलन होगा बल्कि जातिगत पूर्वाग्रह भी दूर होगा। विकास में भी उनका अहम योगदान होगा। यह कांफ्रेंस नीतिगत ढांचा बनाने में मददरूप होगी। दो दिनों तक आयोजित इस कांफ्रेंस में ऑनलाइन 700 राष्ट्रीय और 109 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी शामिल हुए हैं। 100 राष्ट्रीय और 7 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी मौजूद रहे, जहां दो दिनों में 63 शोधपत्र पेश किए गए।